# Delhi Public School, Howrah

**P.T- III EXAMINATION (2024-2025)**

**CLASS- XI**

***Care must be taken not to write anything on the question paper. All the questions must be attempted in the correct sequence.***

**विषय : हिंदी - सं. (302)**

**अवधिः 3 घंटे** **पूर्णांक = 80**

**सामान्य निर्देश -**

(1) इस प्रश्न पत्र में तीन खंड है- खंड क, ख और ग ।

(2) खंड- (क) में अपठित बोध पर आधारित प्रश्न पूछे जाएँगे। सभी प्रश्नों के उत्तर देने होंगे ।

(3) खंड- (ख) में अभिव्यक्ति और माध्यम पाठ्यपुस्तक के आधार पर प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए जाएँगे।

(4) खंड- (ग) में आरोह भाग -1 एंव वितान भाग -1 पाठ्यपुस्तकों के आधार पर प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए जाएँगे।

**खंड- 'क' अपठित बोध** 18 **अंक**

**1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 10

अच्छी बात करने वाला सभी का मान सम्मान हासिल करता है, जबकि अनावश्यक रूप से तिक्त बात करने वाला अपने तमाम गुणों के बावजूद समाज में समुचित सम्मान नहीं प्राप्त कर पाता। बात व्यक्तिगत संबंधों की करें या राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संबंधों की, हर जगह बातों की जादूगरी का बोलबाला है। बातों ने बड़े से बड़े युद्ध को रोका है तो बड़ा से बड़ा युद्ध करवाया भी है।

बातों की महत्ता इससे साबित होती है कि वह सकारात्मक भाव से कही जा रही हैं या नकारात्मक भाव से। बातें किसी के दिल से निकली हों, वे राग या विराग होती हैं। इसका असर बोलने और सुनने वाले दोनों पर होता है। कबीर कहते हैं ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोए, औरन को शीतल करे, आपहूं शीतल होए।'

किसी व्यक्ति की सफलता इन्हीं राहों से होकर गुज़रती है। व्यक्ति की बातें उसके व्यक्तित्व का आइना होती हैं। पहले धैर्य के साथ सुनना, समझना, मनन करना, फिर बोलना, यह कला जिस व्यक्ति में होती है वह जीवन की हर बाजी को जीतने की क्षमता रखता है। कोई नौकरीपेशा हो, व्यापारी हो, कलाकार हो या अन्य कार्य करता हो, सभी की सफलता और स्थायित्व के लिए वाकपटुता आवश्यक है। बातों के संदर्भ में एक आवश्यक बात यह भी है कि व्यक्ति की कथनी और करनी में सामंजस्य आवश्यक है। 'कहना कुछ, करना कुछ' जैसी चीजें पूरे समाज को चोटिल करती हैं। आजीवन वास्तविक

साधुत्व को जीते राष्ट्रपिता गांधी के विवेकपूर्ण और ओजस्वी वक्तृत्व क्षमता के आगे शक्तिशाली फिरंगी और तमाम लोग नतमस्तक हो जाते थे।

**(साभार - संगीता सहाय जनसत्ता 23 अप्रैल, 2024)**

**सोपान I. बहुविकल्पीय प्रश्न-** **1X3=3**

**(i) बात का महत्त्व किसपर आधारित होता है ?**

(क) माहौल पर (ख) सकारात्मक या नकारात्मक होने पर

(ग) संवेदनशीलता पर (घ) बोलने - सुनने वालों पर

**(ii) बापू के आचरण में हमें क्या नहीं मिलेगा ?**

(क) कथनी करनी में समानता (ख) साधुत्व

(ग) जीतने की इच्छा (घ) वाकपटुता

**(iii) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -**

कथन (I) : बात में सकारात्मक नकारात्मक ऊर्जा होती है।

कथन (II) : बात सम्मान अपमान का आधार हो सकती है।

कथन (III) : विवाद का समाधान बात पर आधारित होता है।

कथन (IV) : तिक्त बात करने वाले गुणी होते हैं।

**गद्यांश के अनुसार कौन सा / से कथन सही हैं ?**

(क) केवल कथन (I), (II) और (III) सही हैं। (ख) केवल कथन (II) सही है।

(ग) केवल कथन (I) और (II) सही हैं। (घ) केवल कथन (III) और (IV) सही हैं।

**सोपान II. अति लघूत्तरात्मक प्रश्न-** **1X1=1**

**(iv)** व्यक्ति की सफलता का मार्ग क्या है ?

**सोपान III. लघूत्तरात्मक प्रश्न-** **2X3=6**

**(v) युद्ध करवाने और रोकने की जादूगरी का आधार बातें कैसे हो सकती हैं ?**

**(vi) कबीर के दोहे में वाणी अर्थात बातों की शीतलता से क्या आशय है ?**

**(vii) कथनी और करनी का भेद समाज को कैसे चोट पहुँचाता है ?**

**2. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **8**

एक बार मुझे आँकड़ों की उल्टियाँ होने लगीं
गिनते गिनते जब संख्या
करोड़ों को पार करने लगी
मैं बेहोश हो गया।

होश आया तो मैं अस्पताल में था
खून चढ़ाया जा रहा था
ऑक्सीजन दी जा रही थी
कि मैं चिल्लाया।

डाक्टर मुझे बुरी तरह हँसी आ रही
यह हँसानेवाली गैस है शायद।

प्राण बचानेवाली नहीं
तुम मुझे हँसने पर मजबूर नहीं कर सकते
इस देश में हर एक को अफ़सोस के साथ जीने का
पैदाइशी हक़ है वरना
कोई माने नहीं रखते हमारी आज़ादी और प्रजातंत्र।

बोलिए नहीं - नर्स ने कहा बेहद कमज़ोर हैं आप
बड़ी मुश्किल से क़ाबू में आया है रक्तचाप।

डाक्टर ने समझाया - आँकड़ों का वाइरस
बुरी तरह फैल रहा आजकल
सीधे दिमाग़ पर असर करता
भाग्यवान हैं आप कि बच गए
कुछ भी हो सकता था आपको।

**सोपान I. बहुविकल्पीय प्रश्न-** **1X3=3**

**(i) कवि के अनुसार आँकड़ों से क्या किया जा सकता है ?**

कथन (I) : आँकड़ों से सच छिपाया जा सकता है।

कथन (II) : आँकड़ों से आज़ादी में बाधा उत्पन्न की जा सकती है।

कथन (III) : आँकड़ों से अफ़सोस उत्पन्न होता है।

कथन (IV) : आँकड़ों से हँसाया जा सकता है।

**निम्नलिखित विकल्पों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प चुनकर लिखिए।**

**विकल्प:-**

(क) केवल कथन (I) सही है। (ख) केवल कथन (III) सही है।

(ग) केवल कथन (II) और (III) सही हैं। (घ) केवल कथन (I) और (IV) सही हैं।

**(ii) कवि की हँसी का संभावित कारण था -**

(क) खून तथा ऑक्सीजन चढ़ाया जाना (ख) हँसाने वाली गैस

(ग) गलत और झूठे आँकड़े (घ) आँकड़ों की उल्टियाँ

**(iii) सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए।**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A आज़ादी और प्रजातंत्र | 1 गुमराह रखने का हथियार |
| B आँकड़ों का वाइरस | 2 यथार्थ में रहना |
| C अफ़सोस के साथ जीना | 3 सच जानने का अधिकार |

**कूट**

| | A | B | C | | A | B | C |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | 3 | 1 | 2 | (ख) | 1 | 3 | 2 |
| (ग) | 1 | 2 | 3 | (घ) | 2 | 1 | 3 |

**सोपान II. अति लघूत्तरात्मक प्रश्न- 1X1=1**

**(iv) "आंकड़ों की उल्टियाँ" से कवि का क्या तात्पर्य है ?**

**सोपान III. लघूत्तरात्मक प्रश्न- 2X2=4**

**(v) आँकड़ों का वाइरस सीधे दिमाग़ पर कैसे असर करता है ?**

**(vi) डॉक्टर के अनुसार कवि के साथ कुछ भी हो सकने से क्या तात्पर्य है ?**

---

**खंड- 'ख' अभिव्यक्ति और माध्यम पाठ्यपुस्तक के आधार पर 22 अंक**

---

**3. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी <u>एक</u> विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक रचनात्मक लिखिए- 6**

**(क) स्वच्छता आंदोलन**

संकेत बिंदु - • क्यों • बदलाव • हमारा उत्तरदायित्तव।

**(ख) युवा पीढ़ी के कर्तव्य**

संकेत बिंदु - •युवा: देश का भविष्य •युवाओं के कर्तव्य •कुछ भी करने का जब्जा।

**(ग) विज्ञापन और हमारा जीवन**

संकेत बिंदु - • विज्ञापन का उद्देश्य •भूमिका •प्रकार •सामाजिक दायित्व।

**4. 'दैनिक जागरण समाचार-पत्र के सम्पादक को एक पत्र लिखिए जिसमें "अपराधी तत्त्वों के राजनीति में रहने से लोकतन्त्र के लिए सम्भावित खतरों के प्रति चिंता प्रकट की गयी हो।" 5**

**अथवा**

**आपका नाम गोविंद सिंह है। के. पी. एम. जी कंपनी में मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव की आवश्यकता है। टाइम्स ऑफ इंडिया में इस पद हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। आपने एम. डी. एस. यूनिवर्सिटी, रोहतक से एम.बी.ए. किया हुआ है। आप नौकरी की तलाश में है। अतः आप इस पद पर नियुक्ति पाने हेतु एक आवेदन-पत्र लिखिए तथा स्ववृत्त भी तैयार कीजिए।**

**5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए-** **2X4=8**

(i) पटकथा से क्या तात्पर्य है?

(ii) डायरी किसे कहते हैं?

(iii) वॉचडॉग पत्रकारिता क्या है?

(iv) समाचार क्या है?

**6. आज आपको क्रिसमस पार्टी में आमन्त्रित किया गया था। पार्टी के बारे में लगभग 100-120 शब्दों में डायरी प्रविष्टि लिखें।** **3**

---

**खंड- 'ग' आरोह भाग -1 एंव वितान भाग -1 पाठ्यपुस्तकों के आधार पर** **40 अंक**

---

**7. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** **1X5=5**

कहाँ तो तय था चिरागाँ हरेक घर के लिए,
कहाँ चिराग मयस्सर नहीं शहर के लिए।
यहाँ दरख़्तों के साये में धूप लगती है,
चलो यहाँ से चलें और उम्र भर के लिए।

**(i) प्रस्तुत पंक्तियों में कवि ने क्या स्पष्ट किया है?**

(क) अपने आशावादी दृष्टिकोण को

(ख) देश व समाज की बुरी अवस्था के प्रति निराशा को

(ग) अपने निराशावादी दृष्टिकोण को

(घ) समाज में स्त्रियों पर हो रहे अत्याचार को

**(ii) कवि के अनुसार, सभी घरों के लिए क्या तय था?**

(क) सभी को खुशियों की सोगात मिलेगी (ख) सभी को एक-एक घर मिलेगा

(ग) सभी के घर बिजली आएगी (घ) सभी के विकास के लिए यत्न होगा

**(iii) 'यहाँ दरख्तों के साये में धूप लगती है' पंक्ति से कवि का क्या आशय है?**

(क) देश में चारों ओर सुख-शांति का वातावरण है।

(ख) आजकल पेड़ों के नीचे छाया नहीं मिलती है।

(ग) देश में ऐसी अव्यवस्था है कि उनके साये में सुख-शांति नहीं है

(घ) आज देश में चारों ओर अव्यवस्था नहीं है।

**(iv) कवि अव्यवस्था की स्थिति में क्या कहना चाहता है?**

(क) ऐसे देश को तो सदा के लिए छोड़कर चले जाना चाहिए

(ख) ऐसे देश में सुख-शांति का बोलबाला होना चाहिए

(ग) हमे ऐसे देश के प्रति कृतज्ञता प्रकट करनी चाहिए

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

**(v) निम्न में से कौन-सा शब्द उर्दू का नहीं है?**

(क) मयस्सर | (ग) दरख्त

(ख) चिरागाँ | (घ) घर

**8. काव्य खंड के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए- 3X2=6**

(क) लक्ष्य प्राप्ति में इंद्रियाँ बाधक होती हैं- इसके संदर्भ में अपने तर्क दीजिए।

(ख) आशय स्पष्ट करें।

तेरा निज़ाम है सिल दे ज़ुबान शायर की,
ये एहतियात ज़रूरी है इस बहर के लिए।

(ग) चंपा को इस पर क्यों विश्वास नहीं होता कि गांधी बाबा ने पढ़ने-लिखने की बात कही होगी?

**9. काव्य खंड के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए- 2X2=4**

(क) मीरा जगत् को देखकर रोती क्यों हैं?

(ख) अक्क महादेवी भूख, प्यास, लोभ, मोह आदि से दूर क्यों रहना चाहती हैं?

(ग) मायके आई बहन के लिए कवि ने घर को 'परिताप का घर' क्यों कहा है?

**10. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 1X5=5**

पूछना यह था कि किस्म-किस्म की रोटी पकाने का इल्म आपने कहाँ से हासिल किया? मियाँ नसीरुद्दीन ने आँखों के कंचे हम पर फेर दिए। फिर तरेरकर बोले- 'क्या मतलब? पूछिए साहब- नानबाई इल्म लेने कहीं और जाएगा? क्या नगीनासाज़ के पास? क्या आईनासाज़ के पास? क्या मीनासाज़ के पास? या रफूगर, रंगरेज़ या तेली-तंबोली से सीखने जाएगा? क्या फ़रमा दिया साहब - यह तो हमारा खानदानी पेशा ठहरा। हाँ, इल्म की बात पूछिए तो जो कुछ भी सीखा, अपने वालिद उस्ताद से ही। मतलब यह कि हम घर से न निकले कि कोई पेशा अख़्तियार करेंगे। जो बाप-दादा का हुनर था वही उनसे पाया और वालिद मरहूम के उठ जाने पर आ बैठे उन्हीं के ठीये पर!'

**(i) लेखिका के अनुसार, नसीरुद्दीन का खानदानी पेशा क्या था?**

(क) नगीनासाज | (ख) आईनासाज

(ग) तेली | (घ) नानबाई

**(ii) मियाँ नसीरुद्दीन अपना उस्ताद किसे मानते थे?**

(क) अपने वालिद को | (ख) अपने दादा को

(ग) अपने मामा को | (घ) अपने नाना को

**(iii) सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए।**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A इल्म | 1 कोई काम अपनाना |
| B आँखों के कंचे फेरना | 2 ज्ञान |
| C पेशा अख्तियार करना | 3 ध्यान से देखना या घूरकर देखना |

**कूट**

| | A | B | C | | A | B | C |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | 3 | 1 | 2 | (ख) | 1 | 3 | 2 |
| (ग) | 1 | 2 | 3 | (घ) | 2 | 1 | 3 |

**(iv) 'नानबाई इल्म लेने कहीं और जाएगा' किसने कहा?**

(क) लेखिका ने (ख) मियाँ नसीरुद्दीन ने

(ग) मियाँ नसीरुद्दीन के नौकर ने (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

**(v) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए**

(I) लेखिका मियाँ नसीरुद्दीन से नानबाई का इल्म सीखना चाहती थी।

(II) नानबाई का काम मियाँ नसीरुद्दीन का खानदानी पेशा था।

(III) मियाँ नसीरुद्दीन ने अपने बाप-दादा के हुनर को ही अपना पेशा बनाया।

**उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(क) केवल (I) (ख) केवल (III)

(ग) (I) और (II) (घ) (II) और (III)

**11. गद्य खंड के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए- 3X2=6**

(क) 'नमक का दारोगा' कहानी के आधार पर वर्तमान समाज के सामाजिक यथार्थ के बारे में अपने विचार स्पष्ट कीजिए।

(ख) मास्टर त्रिलोक सिह के किस कथन को लेखक ने 'जबान के चाबुक' कहा है, क्यों?

(ग) जब किसी का बच्चा कमज़ोर होता है, तभी उसके माँ-बाप ट्यूशन लगवाते हैं। अगर लगे कि कोई टीचर लूट रहा है तो उस टीचर से न लें ट्यूशन, किसी और के पास चले जाएँ..... यह कोई मजबूरी तो है नहीं- प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताएँ कि यह संवाद आपको किस सीमा तक सही या गलत लगता है, तर्क दीजिए।

**12. गद्य खंड के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए- 2X2=4**

(क) भूलो की जगह दूसरा कुत्ता क्यों लाया गया? उसने फ़िल्म के किस दृश्य को पूरा किया?

(ख) वंशीधर के पिता ने उसे कौन-कौन-सी नसीहतें दीं?

(ग) धनराम को मोहन के किस व्यवहार पर आश्चर्य होता है और क्यों?

**13. वितान के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> के उत्तर लगभग 100 शब्दों में लिखिए-** **5X2=10**

(क) राजस्थान में कुंई किसे कहते हैं? इसकी गहराई और व्यास तथा सामान्य कुओं की गहराई और व्यास में क्या अंतर होता है?

(ख) 'आलो-आँधारि' पाठ के किन अंशों से समाज की सच्चाई उजागर होती है कि पुरुष के बिना स्त्री का कोई अस्तित्त्व नहीं है। क्या वर्तमान समय में स्त्रियों को इस सामाजिक स्थिति में कोई परिवर्तन आया है? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

(ग) 'चित्रपट संगीत ने लोगों के कान बिगाड़ दिए'- अक्सर यह आरोप लगाया जाता रहा है। इस संदर्भ में कुमार गंधर्व की राय और अपनी राय लिखें।

--------------------X----------------------